# महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 11.03.2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त ।

महासर्वेक्षक कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, देहरादून की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 11.03.2022 को 12:30 बजे अपराह्न श्री सुनील कुमार, भारत के महासर्वेक्षक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/अनुभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया :-

1. ब्रिगेडियर बी० सरीन चंदर, अपर महासर्वेक्षक
2. श्री यू०एन० मिश्र, उप महासर्वेक्षक
3. श्री प्रशांत कुमार, उप महासर्वेक्षक
4. श्री नितिन जोशी, उप महासर्वेक्षक
5. श्री शूरवीर सिंह चौहान, निदेशक (प्रशा० एवं वित्त)
6. श्री विजय चंद्र, अधीक्षक सर्वेक्षक, जी०आई०एस०टी०सी० (म०स०का०)
7. श्री हरीश मित्तर, अधिकारी सर्वेक्षक, (प्रभारी रा०भा०)
8. श्री तेजवीर सिंह, अधिकारी सर्वेक्षक, तकनीकी अनुभाग
9. श्रीमती शालिनी नागी, स्थापना एवं लेखाधिकारी
10. श्री आनंद प्रकाश, स्थापना एवं लेखा अधिकारी
11. श्री राजेन्द्र प्रसाद, स्थापना एवं लेखा अधिकारी
12. श्री अजय कुमार, कार्यालय अधीक्षक, स्थानीय प्रशासन एवं वेतन अनुभाग
13. श्रीमती विभा शर्मा, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-2, अनुभाग
14. श्री नरेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक, बजट अनुभाग
15. श्री डी.एस.रावत, कार्यालय अधीक्षक, स्थापना-1, अनुभाग
16. श्री राकेश कुमार, कार्यालय अधीक्षक, विनियम अनुभाग
17. श्री एच०एस० बिष्ट, सहायक, स्थापना-3, अनुभाग
18. श्री जयराज धीमान, सहायक, जे०सी०एम० एवं कार्य अध्ययन एकक
19. श्रीमती प्रेमवती राणा, सहायक, विधिक अनुभाग
20. श्रीमती सरोज बलूनी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग
21. श्री के०एस० नेगी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, हिंदी अनुभाग
22. श्री शान्ति प्रकाश, हिंदी अनुभाग

बैठक की शुरुआत अध्यक्ष महोदय के स्वागत सम्बोधन से हुई । उप महासर्वेक्षक द्वारा अध्यक्ष महोदय से बैठक आरंभ करने की अनुमति के उपरांत प्रभारी (राजभाषा) द्वारा बैठक का संचालन किया गया तथा कार्यसूची की निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया गया ।

**मद सं० 1-समिति की दिनांक 22-12-2021 को हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :-**

समिति की 22-12-2021 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 03-01-2022 के पत्र सं० हि०-31/1445(रा०भा०का०स०) के अंतर्गत सभी अनुभागों को सूचना एवं अनुवर्ती कार्रवाई हेतु भेज दिया गया था ।

**मद सं० 2 -समिति की पिछली बैठक की सिफारिशों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की रिपोर्ट:-**

**क) बैठक में विभिन्न हिन्दी प्रोत्साहन योजनाओं संबंधी जानकारी भी दी जाए :-**

समिति को सूचित किया गया कि सरकार की विभिन्न हिन्दी प्रोत्साहन योजनाओ के संबंध में slide तैयार कर ली गई है तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक तिमाही बैठक में इसे प्रदर्शित किया जाएगा ताकि कार्यालय के अधिक से अधिक कार्मिक इन योजनाओं का लाभ उठा सकें ।

**ख) कार्यालय में उपलब्ध सभी मोहरें/सील/बोर्ड तथा रजिस्टरों के शीर्ष द्विभाषी हो :-**

प्रभारी (राजभाषा) ने कहा कि इस संबंध में सभी अनुभागों को आवश्यक अनुदेशों सहित आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है । सभी अनुभागों में इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है ।

**ग) कार्यालय में '' आज का हिन्दी का शब्द '' संबंधी बोर्ड तैयार करना :-**

प्रभारी (राजभाषा) ने समिति को जानकारी दी कि ''आज का हिन्दी'' का शब्द के लिए बोर्ड तैयार कर प्रत्येक कार्य दिवस पर उसमें हिंदी का शब्द तथा उसका अंग्रेजी पर्याय लिखा जा रहा है । बोर्ड को कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शित किया गया है ।

**घ) विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के 05 उत्कृष्ट लेखों/रचनाओं को पुरस्कार देना :**

इस संबंध में सभी जोनल कार्यालयों तथा भू० स्थानिक आंकड़ा केन्द्रों को अनुपालनार्थ पत्र जारी कर दिया गया है ।

**मद सं० 3 - महासर्वेक्षक कार्यालय की 31-12-2021 को समाप्त अवधि की हिन्दी के प्रयोग संबंधी तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम में दिए गए लक्ष्यों की प्राप्ति पर विचार-विमर्श :-**

महासर्वेक्षक कार्यालय में 30.09.2021 और 31.12.2021 को समाप्त तिमाही के दौरान क,ख,ग क्षेत्र के साथ किए गए हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण एवं समग्र पत्राचार का प्रतिशत निम्नवत् रहा:

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जिन अनुभागों में हिंदी पत्राचार के प्रतिशत में वृद्धि हुई है वे बधाई के पात्र है तथा जिन अनुभागों के हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में कमी आई है वे इसे बढ़ाने का प्रयास करें । सभी अनुभाग यह सुनिश्चित करें कि आगामी तिमाहियों में हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता में कमी न आए ।

राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्य:-

वर्ष 2021-2022 के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित मुख्य मदें इस प्रकार हैं ।

1) 'क', 'ख' क्षेत्रों को शतप्रतिशत पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
2) 'ग' क्षेत्र को 65% पत्र राजभाषा हिंदी में भेजे जाएं ।
3) हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में दिए जाएं ।
4) 75% टिप्पणियां हिंदी में लिखी जाएं ।
5) 50% हिंदी पुस्तकों की खरीद की जाएं ।
6) कंप्यूटर सहित सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की द्विभाषी रूप में खरीद की जाएं।

**<u>मद सं० 4 - वर्ष 2022-23 में हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं हिन्दी (प्रबोध,प्रवीण,प्राज्ञ) हिन्दी टाइपिंग और हिन्दी आशुलिपि में अप्रशिक्षित कर्मचारियों को प्रशिक्षण के लिए नामित करना तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा अर्जित ज्ञान के उपयोग पर विचार :-</u>**

1) महासर्वेक्षक कार्यालय के सभी अधिकारी तथा कर्मचारी हिंदी भाषा में प्रशिक्षित हैं । कार्यालय में तैनात सभी आशुलिपिक हिंदी आशुलिपि में प्रशिक्षित हैं ।
2) विधिक अनुभाग में तैनात श्री मोहित, अवर श्रेणी लिपिक ने 25 अक्टूबर, 2021 को हिंदी टाइपिंग की परीक्षा दी थी तथा वे 82% अंकों से उत्तीर्ण हुए है ।
3) महासर्वेक्षक कार्यालय में नए भर्ती एम०टी०एस० कार्मिकों की सूची स्थानीय प्रशासन एवं वेतन अनुभाग से प्राप्त हुई है । अगस्त 2022 से प्रारम्भ होने वाले हिंदी टाइपिंग पत्राचार पाठ्यक्रम प्रशिक्षण सत्र से एम०टी०एस० कार्मिकों को बारी-बारी से नामित किया जाएगा ।

**<u>मद सं० 5- अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय पर चर्चा ।</u>**

बैठक में उपस्थित अधिकारियों तथा विभिन्न अनुभागों के प्रतिनिधियों ने कार्यालय में हिंदी के प्रचार-प्रसार के संबंध में निम्नलिखित सुझाव दिए :-

(1) कार्यालय में समय-समय पर हिंदी कार्यशालाएं चलाई जांए तथा कार्मिकों को हिंदी में कार्य करने का अभ्यास भी कराया जाए । देश के विभिन्न भागों में आयोजित होने

## कार्यालय के विभिन्न अनुभागों में हिंदी पत्राचार का तुलनात्मक विवरण

| | 30.09.2021 | 31.12.2021 | 30.09.2021 | 31.12.2021 |
|---|---|---|---|---|
| | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 100%** | 'क', 'ख' क्षेत्रों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 100% | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>**लक्ष्य 65%** | 'ग' क्षेत्र के केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों को भेजे गए पत्र<br>लक्ष्य 65% |
| | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत | प्रतिशत |
| स्था० प्रशा० एवं वे० | 99.3% | 99.5% | - | - |
| स्थापना-1 | 98% | 100% | 100% | 100% |
| स्थापना-2 | 100% | 100.% | 98.5% | 100% |
| स्थापना-3 | 99.2% | 100.% | 100% | 100% |
| बजट | 89.7% | 88% | 90.5% | 70.9% |
| विनियम | 94.5% | 91.6% | 90.7% | 90.2% |
| तकनीकी | 89.2% | 89.4% | 71.8% | 71.4% |
| गोपनीय | 95.6% | 96% | 80.4% | 83.9% |
| जे०सी०एम०एवं का०अ०ए० | 94.4% | 95.7% | 100% | 100% |
| विधिक सैल | 89.8% | 89.2% | 84% | 83.5% |
| हिंदी अनुभाग | 100% | 100% | 100% | 100% |
| भंडार अनुभाग | 100% | 100% | - | - |
| आर०टी०आई० | 97.6% | 100% | 100% | 100% |
| भंडार कार्यालय | 100% | 100% | 100% | 100% |

**समग्र पत्राचार**

| | पिछली तिमाही में | इस तिमाही में | लक्ष्य |
|---|---|---|---|
| 'क' क्षेत्र में | 95.9% | 95.4% | 100% |
| 'ख' क्षेत्र में | 93.1% | 91.1% | 100% |
| 'ग' क्षेत्र में | 88.5% | 86.5% | 65% |

वाली हिंदी कार्यशालाओं में कार्यालय के अधिकारियो/कर्मचारियों को नामित किया जाए। इस पर अध्यक्ष महोदय अपनी सहमति व्यक्त की ।

(2) कार्यालय की हिंदी पत्रिका में प्रकाशित रचनाओं के सभी रचनाकारों को प्रोत्साहन स्वरूप कुछ पुरस्कार राशि प्रदान की जाए।

(3) विशिष्ट/महत्वपूर्ण दिवसों पर standees हिन्दी में प्रदर्शित किये जाएं ।

(4) राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार पुस्तकालय के कुल अनुदान में से हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50% व्यय किया जाना चाहिए । इसे ध्यान मे रखते हुए अध्यक्ष महोदय ने इसका अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु आदेश दिए और कहा कि कार्यालय में एक आंतरिक बोर्ड के गठन के माध्यम से हिंदी की शासकीय कार्य से संबंधित एवं रूचिकर पुस्तकों की खरीद की जाए ।

बैठक के अंत में उप महासर्वेक्षक महोदय ने कहा कि सभी अनुभाग अधिकारी व्यक्तिगत रूप से अपने अनुभाग में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करें । सभी अनुभाग प्रत्येक तिमाही अधिक से अधिक हिंदी में पत्राचार करें ।

अन्य कोई मद न होने के कारण बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देकर सम्पन्न हुई ।

*****